

STAFF SELECTION COMMISSION
कर्मचारी चयन आयोग
SSC GD 2025
ROJGAR
with
ANKIT
अवसर बैच
हिंदी
वाक्य शुद्धि
Part -4
LIVE
12-07-2024 06:15 PM

1. निम्नलिखित में से अशुद्ध वाक्य छाँटिए-

(a) कृष्णाजी के अनेकों नाम हैं अनेक

(b) पुस्तक बहुत ही उपयोगी होती है

(c) शोभना बहुत मीठा गाती है

(d) मैं अभ्यास कर रहा हूँ

(a)

2. निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य अशुद्ध है?

(a) आज मैं यही रहूँगा।

(b) सज्जन लोग भला ही सोचते हैं।

(c) क्या तुम कॉलेज जाते हो ? → हाँ, नहीं — गलत

(d) अभी तक पत्र नहीं मिला है।

3. 'मुझे आज खाने का मन नहीं होती है।'

उपर्युक्त वाक्य में अशुद्ध अंश स्पष्ट कीजिए।

(a) मुझे

(b) आज

(c) खाने का

(d) मन नहीं होती है।

4. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस सही विकल्प का चयन करें जो अशुद्ध वाक्य के शुद्ध रूप का सबसे अच्छा विकल्प है।

आप नानी के घर जाओ

(a) आप नानी के घर जाइये

(b) आप नानी घर जाओ

(c) आप ने नानी के घर जाना है

(d) आप नानी के घर जावो

5. 'मैंने घर जाना था।' वाक्य में अशुद्ध अंश है-

(a) मैंने मुझे

(b) घर

(c) जाना

(d) था। (A)

6. "उन्होंने कहाँ जाना है?" वाक्य में किस प्रकार की अशुद्धि है?

(a) सर्वनाम सम्बन्धी

(b) संज्ञा सम्बन्धी

(c) क्रिया सम्बन्धी

(d) विशेषण सम्बन्धी

नाम

उन्हें कहाँ जाना है?

सर्वनाम

A

7. हमारा समाज उन्नति के पथ में है" इस वाक्य में किस प्रकार की अशुद्धि है?

(a) वचन

(b) कारक

(c) संज्ञा

(d) लिंग

हमारा समाज उन्नति के पथ पर है।

(B) अधिकरण कारक → आधार | स्थान | जगह

8. "हनुमान ने संजीवनी बूटी से लक्ष्मण के लिए होश लाये।"
वाक्य में की त्रुटि का आधार पहचानिए।

(a) कारक
(b) वचन
(c) विशेषण
(d) लिंग

हनुमान संजीवनी बूटी से लक्ष्मण को होश में लाए।

A

9. दिए गए वाक्यों में से सही वाक्य बताइए।

(a) हरिष सज्जन आद्मि है।

(b) हरीश सज्जन व्यक्ति है।

(c) हरीस सज्जन है।

(d) हरीष सज्जन पुरुष है।

* विंध्याचल पर्वत हरा भरा है।
अचल

हरीश सज्जन है। → ✓

10. सभी मिलकर स्कूल जाता है। वाक्य का शुद्ध रूप होगा-

(a) सभी मिलकर स्कूल गए।

(b) सभी मिलकर साथ स्कूल जाते हैं।

(c) सभी मिलकर स्कूल जाते हैं।

(d) सभी साथ स्कूल जाते हैं।

11. सही वाक्य है-

(a) आपकी कृपा - पत्र मिली

(b) आपका कृपा-पत्र मिला

(c) आपकी कृपा - पत्र मिला

(d) आपका कृपा-पत्र मिली

B

12. निम्नलिखित वाक्यों में से कौन सा वाक्य शुद्ध है?

(a) निरपराधी को दंड देना उचित नहीं है

(b) न्यायालय ने उसको निर्दोषी ठहराया

(c) न्यायालय ने उसको निर्दोष बनाया

(d) न्यायालय ने उसको अपराधी लगाया

A|B

A

13. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस सही विकल्प का चयन करें जो अशुद्ध वाक्य के शुद्ध रूप का सबसे अच्छा विकल्प है।

घूमना सुबह अच्छा है।

(a) घूमना अच्छा है सुबह

(b) घूमना सुबह है अच्छा

(c) सुबह अच्छा है घूमना

(d) सुबह घूमना अच्छा है।

14. उचित एवं शुद्ध वाक्य पहचानिए।

(a) लड़किएँ सेब खा रही हैं।

(b) लड़कियों सेब खा रही हैं।

(c) लड़कियाँ सेब खा रही हैं।

(d) लड़की सेब खा रही हैं।

15. "घर पर सब कुशल पूर्वक है"। वाक्य में किस प्रकार की अशुद्धि है?

(a) लिंग

(b) कारक

(c) सर्वनाम

(d) संज्ञा

में

B

घोंसला
घर
में

16. दिए गए वाक्यों में त्रुटिहीन वाक्य कौन-सा है?

(a) शरीर से ताकत होनी चाहिए।

(b) शरीर के अंदर ताकत होनी चाहिए।

(c) शरीर में ताकत होनी चाहिए।

(d) शरीर पर ताकत होनी चाहिए।

त्रुटिहीन

सही वाक्य

17. निम्नलिखित वाक्यों में से कौन-सा कथन अशुद्ध है।

(a) हमारे पास समय कम है।

(b) कल लोगों की भीड़ जमेगी

(c) कहाँ जाना है?

(d) शायद बारिश हो रही है।

18. निम्नलिखित वाक्यों में से अशुद्ध वाक्य पहचानिए।

(a) उसे जल्दी घर जाना था।

(b) मुझे वहाँ नहीं जाना है।

(c) वे लोग जा रहे हैं।

(d) पिता ने मेरे से कहा।

त्रुटि नहीं हो

गलत वाला

D

मुझसे

19. " मेरे से पढ़ा नहीं जाता।" इस त्रुटियुक्त वाक्य के लिए निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य पहचानें।

(a) मेरे को पढ़ा नहीं जाएगा।

(b) मैंने पढ़ा नहीं जा रहा।

(c) मुझे पढ़ा नहीं जाएगा।

(d) मुझसे पढ़ा नहीं जाता ।

मुझसे पढ़ा नही जाता है

मुझसे पढ़ा नही जाएगा

D

20. "राजा ने चोर को मृत्यु दंड की सजा दी" वाक्य में क्या त्रुटि है?

(a) सजा दी

(b) मृत्यु दंड

(c) चोर को

(d) राजा ने

दिया

21. "मैंने अपना हस्ताक्षर कर दिया।" इस त्रुटियुक्त वाक्य के लिए निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य पहचानें।

(a) मैंने हस्ताक्षर कर दिया।

(b) मैंने अपने हस्ताक्षर कर दिए।

(c) मैंने अपना हस्ताक्षर कर दिए।

(d) मैंने हस्ताक्षर कर दिए।

→ D

* हस्ताक्षर - बहुवचन शब्द होता है।

22. निम्नलिखित वाक्यों में से शुद्ध वाक्य चुनिए-

(a) वे अब झगड़ा करेंगे, ऐसी आशा है

(b) यात्री अत्यंत दूर से आए हैं

(c) बेफिजूल मत झगड़ो

(d) मेरे पास कहानियों की अनेक पुस्तकें हैं

23. निम्नलिखित वाक्यों में से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए।

(a) उसने वहाँ पहुँचकर शोर मचाया।

(b) उसका घर मेरे को मालुम नहीं।

मुझको

(c) मैंने यह कब बोला।

(d) मेरे से मत उलझो, घर जाओ।

मुझसे

24. दिए गए विकल्पों में से शुद्ध वाक्य छांटिये।

(a) मेरे जूतों तुमसे अच्छे हैं।

(b) वह शायद से आज आयेगा।

(c) गाँधी जी ईश्वर के पक्के भक्त थे।

(d) चाकू से बच्चों को काटकर फल दो।

25. निम्न में से किस विकल्प में त्रुटि नहीं है?

(a) उस कागज पर मैंने हस्ताक्षर कर दिए।

(b) उस कागज पर मैंने हस्ताक्षर कर दिया।

(c) मैंने उस कागज में हस्ताक्षर कर दिए।

(d) मैंने हस्ताक्षर कर दिया उस कागज पर ।

26. दिए गए विकल्पों में से सही वाक्य का चयन करें।

(a) तलवार एक उपयोगी अस्त्र है।

(b) तलवार एक उपयोगी फौलाद है।

(c) तलवार एक उपयोगी शस्त्र है।

(d) तलवार एक उपयोगी शास्त्र है।

27. "नेताजी ने आजाद हिन्द फौजी का नियंत्रण किया। "
वाक्य की त्रुटियाँ सुधारें।

(a) नेताजी ने आजाद हिन्द फौज का नेतृत्व किया।

(b) नेताजी ने आजाद हिन्द फौज का निर्णय किया।

(c) नेताजी ने आजाद हिन्द फौज का नियंत्रण किया।

(d) नेताजी ने आजाद हिन्द फौजी का नियंत्रण किया।

28. " यद्यपि वह बीमार था; परन्तु वह मेला गया।" वाक्य की त्रुटियाँ सुधारें।

(a) यद्यपि वह बीमार था; लेकिन वह मेला गया।

(b) यद्यपि का बिमार था; फिर भी वह मेला गया।

(c) यद्यपि वह बीमार था; तथापि वह मेला गया।

(d) यद्यपि वह बीमार था; किन्तु वह मेला गया।

29. चार विकल्पों में से शुद्ध वाक्य चुनिए।

(a) आकाशवाणी से यह समाचार कहा गया।

(b) आकाशवाणी से यह समाचार सुनाया गया।

(c) आकाशवाणी से यह समाचार प्रसारित किया गया।

(d) आकाशवाणी से यह समाचार बताया गया।

30. "बगीचे की सुंदरता अनूठा है।" सही वाक्य का चयन करें।

(a) बगीचे की सुंदरता अनूठा है।

(b) बगीचे का सुंदरता अनूठी है।

(c) बगीचे की सुंदरता अनूठी है।

(d) बगीची की सुंदरता अनूठा है।

वर्तनी शुद्धि